बदायूं में नकली घी-दूध बनाने वाले मिलावटखोर फरार, नोटिस तामील कराने के लिए तलाश रही पुलिस



**जागरण संवाददाता, बदायूं**: खाद्य विभाग और पुलिस की संयुक्त छापेमारी के दौरान मिलावटखोर मौके से फरार हो गया। अब पुलिस उसे नोटिस तामील कराने के लिए तलाश कर रही है।
शुक्रवार को मुजरिया थाना क्षेत्र के गांव कौल्हाई में खाद्य विभाग की टीम ने पुलिस के साथ एक डेरी पर छापा मारा। छापेमारी के समय डेरी मालिक फैजल खान मौके पर मौजूद था। टीम के कार्रवाई शुरू करते ही वह वहां से फरार हो गया।

Source: https://www.jagran.com/uttar-pradesh/badaun-the-adulterator-had-fled-during-the-raid-itself-the-police-are-now-searching-for-him-to-serve-a-notice-40303839.html